
# नाइट क्लब बार में कर्मचारी को मारी गोली, हालत गंभीर

## पुलिस ने घर से आरोपी को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया




नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 दिसम्बर, शहर के सिविल लाइन थाना अन्तर्गत पड़रा मोहल्ला स्थित नाइट क्लब बीयर बार में बीती रात लगभग 12 बजे बिल्डिंग मालिक ने नशे की हालत में बार के कर्मचारी को गोली मार दी. जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई.**

पीड़ित की पत्नी को जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई. जिसके बाद सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहा उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. वही पुलिस ने टीम ने आरोपी के घर में दबिश देकर रात में ही गिरफ्तार कर लिया. गोली चलाने के पीछे कहा सुनी का कारण बताया गया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. सीसीटीवी कैमरे में आरोपी गोली मारते हुए साफ दिखाई दे रहा है.

जानकारी के मुताबिक पडरा मोहल्ले में संचालित नाइट क्लब बीयर बार में बीती रात्रि तकरीबन 12 बजे बिल्डिंग मालिक एलबी सिंह ने नशे की हालत में बार के कर्मचारी जमुना सिंह बघेल को गोलियां मार दी. बताया गया है कि तीन राउंड किए गए फायर में दो गोली जमुना सिंह के पेट में जा धसी थी जो शरीर को चीरती हुई बाहर निकल गई थी. इस पूरी वारदात का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है जिसमें आरोपी जमुना सिंह को गोली मारते हुए नजर आ रहा है. घटना की सूचना के बाद सीएसपी सहित सिविल लाइन थाना प्रभारी और गुढ़ थाना प्रभारी की टीम ने आरोपी के घर में दबिश देकर देर रात गिरफ्तार कर लिया है और पिस्तौल जप्त कर ली है. इस दौरान पुलिस को आरोपी के घर में उसे गिरफ्तार करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है परिजनों का विरोध का भी सामना करना पड़ा. सिविल लाइन थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र मिश्रा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर पिस्तौल जप्त कर ली गई है. गोली चलाने का असल कारण क्या था यह जांच के बाद स्पष्ट होगा.

### कोई विवाद नही था मेरे पति का

घायल जमुना सिंह की पत्नी श्रीमती पूजा सिंह संजय गांधी अस्पताल में गार्ड के पद पर पदस्थ है . उन्होने बताया कि रात को जब पति घर नही पहुंचे तो बेटी ने फोन लगाया . कई घंटी जाने के बाद जब पति ने फोन उठाया तो उन्होने बेटी को बताया कि उसे एलबी सिंह ने गोली मार दी है . पहले तो बेटी को मजाक लगा और उसने तत्काल मुझे फोन दिया तो मेरे पति ने बताया कि मुझे गोली लगी है तुम तत्काल होटल आ जाओ . मैं भाग कर पहुंची तो घायल अवस्था में पड़े थे, इसके बाद पुलिस को सूचना दी . पूजा ने बताया कि मेरे पति का किसी से कोई विवाद ही था . गोली क्यो मारी गई यह जांच का विषय है .

# नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की सभी तैयारियां पूर्ण

## जिले में मतदान आज

नवभारत न्यूज

**सतना 28 दिसम्बर. राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया है कि नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।**

उप निर्वाचन के लिए मतदान 29 दिसंबर को होगा। सचिन राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से होगी। पंचायतों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा।

पंच पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगी। सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकास खण्ड मुख्यालय पर ई.व्ही.एम. से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जायेगी। जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 2026 को प्रातरू 10.30 बजे से की जायेगी।

# महिला से छेड़छाड़ के मामले में पार्षद पति गिरफ्तार

## जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र का मामला

नवभारत न्यूज

**सतना 28 दिसंबर. भाजपा नेता, पूर्व पार्षद और पार्षद पति को महिला के साथ छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.**

हलांकि इस मामले में महिला द्वारा चाकू की नोक पर दुष्कर्म करने व वीडियो बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए जाने के चलते सनसनी फैल गई थी. लेकिन प्राथमिक जांच और महिला के बयान के बाद मामला छेड़छाड़ और धमकी देने जैसे आरोप के बीच सिमट कर रह गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र की निवासी एक महिला ने सप्ताह भर पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सनसनीखेज आरोप लगाए थे. महिला द्वारा बताया गया कि लगभग 6 महीने पहले उसके घर में घुसकर चाकू की नोक पर न सिर्फ उसके साथ दुष्कर्म हुआ बल्कि उसका वीडियो भी बना लिया गया. जिसके आधार पर उसे ब्लैकमेल किया जा रहा है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय



द्वारा जांच के निर्देश दे दिए गए. जिसके चलते रामपुर बघेलान थाने में पदस्थ महिला उनि द्वारा मामले की जांच शुरु की गई. प्राथमिक जांच में दुष्कर्म की पुष्टि सामने नहीं आई. अभी पुलिस की जांच चल ही रही थी कि शनिवार की रात महिला अचानक थाने पहुंच गई और अपने पूर्व के आरोपों से पलटते हुए बताया कि उसके साथ केवल छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने की घटना हुई थी. महिला के अनुसार गुस्से और डर की वजह से उसने चाकू की नोक पर रेप की शिकायत की थी. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा धारा 74 75 296 351 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए भाजपा नेता, पूर्व पार्षद और पार्षद पति अशोक सिंह बघेल पिता लक्ष्मी नारायण उम्र 50 वर्ष निवासी करही अजय नगर, नगर परिषद रामपुर बघेलान को गिरफ्तार कर लिया.

### आरोपों की लंबी फेहरिश्त

रामपुर बघेलान थाने से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अशोक सिंह बघेल के विरुद्ध वर्ष 1996 में 147 148 149 448 294 506बी 427 323 326 186 341 आईपीसी के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हुए थे . जिसके बाद वर्ष 2001 में 452 327 323 34 आईपीसी में प्रकरण दर्ज हुए . जिसके 18 वर्ष बाद एक बार फिर से आरोपी के विरुद्ध वर्ष 2019 में 294 323 506 279 337 338 आईपीसी में प्रकरण दर्ज हुए . जिसके बाद वर्ष 2021 में 189 506, वर्ष 2023 में 294 323 506 34, और वर्ष 2024 में 341 34 आईपीसी के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हुए थे . वहीं वर्ष 2025 समाप्त होते-होते एक बार फिर से बीएनएस की 4 धाआरों के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया .

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रात में शहर की सड़क पर उतरे पुलिस अधीक्षक

## ड्रंक-एंड-ड्राइव के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा , 28 दिसम्बर. आगामी नव वर्ष की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए रीवा एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान का शहर भ्रमण सुरक्षा-यातायात व्यवस्था का जायजा, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की खैर नहीं— कड़ी चेतावनी दी**

नववर्ष के अवसर पर रीवा पुलिस अधीक्षक शहर में स्वयं भ्रमण पर निकले और कानून-व्यवस्था, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का विस्तार से निरीक्षण



किया। नए साल के जश्न को देखते हुए प्रमुख सड़कों, चौराहों, बाजार क्षेत्रों, होटल-ढाबों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस तैनाती की समीक्षा की गई।एसपी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं। ड्रंक-एंड-ड्राइव के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए चेकिंग प्वाइंट बढ़ाने, रात्री गश्त तेज करने और नियम तोड़ने वालों पर तत्काल चालान व वैधानिक कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीड और गलत दिशा में वाहन चलाने पर भी सख्ती बरतने को कहा गया।

निरीक्षण के दौरान आम नागरिकों से संवाद कर सुरक्षित व शांतिपूर्ण तरीके से नववर्ष मनाने की अपील की गई, ताकि शहर में शांति, सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था बनी रहे।

# सोन से रेत चोरी करते मिनी ट्रक जब्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 28 दिसम्बर । गढ़वा थाना क्षेत्र के सोन नदी से रेत की चोरी कर रहे एक मिनी ट्रक टीपर वाहन को एसडीएम की देखरेख में दबिश देते हुये जप्त कर कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया गया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार टीपर बिना वैध अनुमति एवं आवश्यक दस्तावेजों के रेत का उत्खनन कर रहा था। राजस्व टीम के नदी क्षेत्र में पहुंचते ही चालक वाहन लेकर फरार होने का प्रयास करने लगा। पीछा करते हुए टीम ने प्रिंस दुबे के घर के पास टीपर को पकड़ लिया, जबकि चालक मौके से फरार हो गया।

टीपर बिना नंबर प्लेट का पाया गया। एसडीएम सौरभ मिश्रा ने तत्काल वाहन जप्त के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सासन के निर्देशानुसार अवैध खनन एवं रेत परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं जप्त किए गए टीपर को थाना गढ़वा में खड़ा कराया गया है तथा वाहन के विरुद्ध खान खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

# बस बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

## एनसीएल एक्सप्रेस वे पर मोरवा -जयंत मार्ग में हुआ हादसा





नवभारत न्यूज़

**सिंगरौली 28 दिसंबर। मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत जयंत मोरवा मार्ग स्थित एनसीएल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।**

मोरवा से बैढ़न जा रही एक यात्री बस और बैढ़न से मोरवा आ रहे मोटरसाइकिल सवार युवक के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 66 डी 5013 से बैढ़न की ओर से मोरवा आ रहा था, जबकि बस क्रमांक एमपी 66पीए 1118 मोरवा से बैढ़न जा रही थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं बस का अगला हिस्सा भी दब गया। घटना की सूचना मिलते ही मोरवा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत भिजवाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को पिकअप वाहन में लोड कर मोरवा थाना पहुंचाया, वहीं बस को सड़क किनारे खड़ा कर यातायात को सुचारू कराया गया। पुलिस ने मृतक के शव को नेहरू शताब्दी चिकित्सालय जयंत की मर्चुरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दे दी है। मृतक की पहचान कनक गुप्ता, उम्र 26 वर्ष निवासी जवाहर नगर, मोरवा के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष मोरवा पर मारपीट का मामला दर्ज

नवभारत न्यूज़

**सिंगरौली 28 दिसंबर ।भारतीय जनता पार्टी मंडल मोरवा के मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह कुर्वंशी समेत आधा दर्जन आरोपियों पर मारपीट एवं गाली गलौज तथा जान से करने संबंधित अपराध पंजीबद्ध कोतवाली बैढ़न में जीरो पर दर्ज किया गया है.**

।फरियादी सत्यनारायण वैस पिता शंकर शंकर प्रसाद वैस ने भारतीय जनता पार्टी मंडल मोरवा के मंडल अध्यक्ष एवं उनके अन्य साथियों पर मारपीट संबंधित कोतवाली बैढ़न में अपराध पंजीबद्ध कराया है आरोप है कि पिछले दिनों मोरवा के मंडल अध्यक्ष एनसीएल ऑफिस के सामने सिंगरौली में खड़े थे तभी वाहन से पास लेते समय विरोध किया और वह तथा उनके साथियों ने बेरहमी से मारपीट करने लगे। आरोप लगाया है कि उनके दबंगई की चलते मोरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराया। बाद में उपचार करने बै?न स्थित सिंगरौली हॉस्पिटल में आया जहां गंभीर चोट आने के कारण कोतवाली बैढ़न में अपराध पंजीबद्ध कराया गया है ।पुलिस ने भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत करीब आधार दर्जन आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध की है और उक्त घटनाक्रम की विवेचना मोरवा पुलिस करेगी.



# आरकेएस कंस्ट्रक्शन के चेयरमैन रामकृपाल सिंह के निधन पर शोक

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 28 दिसम्बर । आरकेएस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन रामकृपाल सिंह का पटना के पारस हास्पिटल में आज दिन रविवार की सुबह 6 बजे निधन हो गया।**

वे करीब 90 वर्ष के थे। स्वास्थ्य खराब होने पर पटना के एक हास्पिटल में उनका 18 दिन से इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बेगूसराय जिले के रामदीरी में किया गया। वे अपने पीछे वे दो पुत्र सुधीर कुमार सिंह एवं रंजन सिंह व पुत्री मुन्नी देवी के साथ भरा पुरा परिवार छोड़ गये है। कंपनी के चेयरमैन राम कृपाल सिंह के निधन पर एनसीएल दुद्धिचुआ ओबी कैंप में शोक सभा आयोजित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गयी। दिवंगत आत्मा की शांति व इस दु:ख की घड़ी परिवार जनो को सबल प्रदान करने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में बिनय कुमार सिंह, राजेश कुमार साही, रंजीत सिंह, विजय भान सिंह, जीतेन्द्र शर्मा, उदयबीर सिंह, राहुल सिंह, श्याम, मधू, बप्पी सहित कंपनी के सैकड़ो कर्मचारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# युवा सिंधी समाज के नेतृत्व में रीवा से अयोध्या के लिए श्रद्धालु रवाना

नवभारत न्यूज

**रीवा 28 दिसंबर. आज दोपहर 2 बजे सिंधु भवन से स्पेशल बस द्वारा सनातन धर्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राजा रामचंद्र जी के दर्शन हेतु अयोध्या धाम एवं अन्य दर्शन स्थल हेतु 50 श्रद्धालुओं का एक ज जत्था रवाना हुआ.**

श्रद्धालुओं को महंत स्वामी एवं ब्राह्मण समाज द्वारा वैदिक रीति के मंत्रोचार के साथ सचखंड धाम के महंत कमल दास उदासी संत धाम के कृपाल दास जिज्ञासी ब्राह्मण समाज श्रीमती कोमल शर्मा एवं अन्य समाज के वरिष्ठ जनों के शुभकामनाओं के साथ सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष सरदार प्रहलाद सिंह जी, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के निज सहायक राजीव तिवारी, विवेक दुबे, साहित्य परिषद राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के के गर्ग, वैश्य



समाज के संभागीय अध्यक्ष अतुल जैन के सानिध्य में भगवा वस्त्र एवं श्री राम भगवान के ध्वज को लहराते हुए सनातन यात्रा में जा रही श्रद्धालुओं की लक्जरी बस को अयोध्या के लिये रवाना किया. अयोध्या धाम की यात्रा के लिए रीवा से साई स्वरूप दास उदासी, हुकूमत राय होतवानी, राजकुमार टिलवानी, कैलाश कोटवानी, शंकर साहनी, नंदलाल ठारवानी मोती केसवानी संजय कोटवानी, गोपाल पुरी रमेश चंद्र कुंजलानी अजीत आहूजा सचिन दुडानी लक्ष्मण शिवनानी, गुलाब साहनी सुशील कुगंवानी दिलीप आसनानी महेश आसनानी रमेश आसनानी बंशीधर वाधवानी, विजय थावानी, विजय रिझवानी, ,मदन चंगवानी ,रामचंद घनशानी, आसन दास मोटवानी,अर्जुन खिलवानी, रतनलाल चुंगवानी, संजीव गोपलानी आदि रहे।

# ऊर्जाधानी में कोहरे का कहर, 5 मीटर में सिमटी जिंदगी


## ठंड ने जकड़ा सिंगरौली को, सड़क से कॉलोनी तक डर का सन्नाटा पसरा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 28 दिसम्बर ।सुबह के 6 बजे थे, ऊर्जाधानी सिंगरौली की सड़कें दिखाई नहीं दे रही थी, बल्कि महसूस की जा रही हैं। कोहरा इतना घना है कि सामने चल रहा व्यक्ति भी महज 5 मीटर बाद गायब हो जा रहा है।**

मुख्य मार्ग हों या कॉलोनियों की गलियां हर तरफ सफेद धुंध की मोटी





चादर पसरी हुई है। वाहन चालकों की रफ्तार खुद-ब-खुद थम गई है, हेडलाइट जलाने के बावजूद आगे कुछ साफ नजर नहीं आ रहा। ग्राउंड पर मौजूद हालात बता रहे हैं कि ठंड ने लोगों की हिम्मत तोड़ दी है। सुबह टहलने निकलने वाले लोग आज घरों में दुबके रहे। जो मजबूरी में बाहर निकले, वे कई परत कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दिए। ग्राउंड रिपोर्ट के दौरान जिला मुख्यालय बैढ़न में आज दिन रविवार की सुबह 10 बजे तक भी सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके। वहीं चितरंगी क्षेत्र के तराई अंचल में 11 बजे दिन तक सूर्य देवता के दर्शन करने के लिए लोग आसमान में टकटकी लगाये हुये थे। ऐसा लग रहा था मानो सूरज भी ठंड के आगे हार मान चुका हो। पेड़ों की पत्तियों, छतों और खड़ी गाड़ियों से लगातार ओस टपकती रही। वातावरण में नमी इतनी ज्यादा थी कि ठंड और ज्यादा चुभती महसूस हुई। वहीं कोहरे एवं गलन भरी ठण्ड के चलते ग्राउंड पर बाजारों का हाल भी सामान्य नहीं रहा। जहां सुबह से चहल-पहल रहती है, वहां आज सन्नाटा पसरा रहा। दुकानदार अलाव के सहारे बैठे नजर आए, ग्राहक न के बराबर दिखे और काम पर निकलने वाले लोग ठंड से परेशान नजर आए। बुजुर्गों और बच्चों को घर से बाहर निकलने से रोक दिया गया।

### कोहरे में सफर हुआ जोखिम भरा

ग्राउंड रिपोर्ट में वाहन चालकों ने बताया कि कोहरे के कारण यात्रा करना बेहद खतरनाक हो गया है। सड़कों के मोड़ और सामने से आने वाले वाहन आखिरी समय पर नजर आते हैं। जरा सी चूक बड़ी दुर्घटना में बदल सकती है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि सुबह और रात के समय अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। वहीं मौसम विभाग के संकेतों के मुताबिक आने वाले दिनों में ऊर्जाधानी सिंगरौली में ठंड और कोहरा और ज्यादा गहराने वाला है। ऐसे में आमजन को सावधानी बरतने की जरूरत है।

एजेंसी देनी है
आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष समाचार पत्र
नवभारत सतना को बिरसिंहपुर, जैतवारा, उचेहरा, पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, पहाड़ी खेरा , सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो . नं .- 9098286391, 7828109523



डॉ.अभिषेक मिश्रा
BDS. MDS, FRS
● ओरल मैक्सिलोफेसियल प्लास्टिक सर्जन
● फैलोशिप इन राइनोप्लास्टी
● गंभीर रूप से टूटे हुए जबड़े की हड्डी के विशेषज्ञ
समयः
सुबह 10 से शायं 07 बजे तक
12000 से ज्यादा जबड़े की सर्जरी का अनुभव
मंगलवार-शनिवार सुबह 10 से 2 बजे तक
बिरला हॉस्पिटल,सतना
पताः ओरामैक्स दंत चिकित्सालय
चर्च के सामने, डॉ. दीपक अग्रवाल के बगल में बोदा बाग रोड, रीवा
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
मो. 8109642865

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99